सत्र : 2024-2025

कक्षाः दसवीं

विषय :हिंदी

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

समय : 3 घंटे **पूर्णांक (लिखित)=80 अंक**

आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक

नोट- (i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे ।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न होंगे।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

भाग-क : बहुवैकल्पिक प्रश्न (15)

प्रश्न-1: (i) में निर्धारित विषयों-संधि (स्वर संधि), समास (तत्पुरुष व कर्मधारय समास), भाववाचक संज्ञा निर्माण, पर्यायवाची शब्द में से चार बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4 x1=4

(ii) में 'हिंदी पुस्तक-10' में से कविता, कहानी के अभ्यासों में दिए गए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'I'में दिए गए प्रश्नों में से चार बहुवैकल्पिक प्रश्न (कविता में से 2, कहानी में से 2) पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4 x1=4

(iii)पाठ्य पुस्तक के पद्यांश पर आधारित चार बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। पद्यांश को पढ़कर दो प्रश्नों के सही विकल्प ढूँढ़कर लिखने होंगे। अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ, पद्यांश के केन्द्रीय भाव/ मूल भाव सम्बन्धित दिए जाएँगे। 4 x1=4

(Iv) मुहावरे एवं लोकोक्तियों से संबंधित तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 3x1=3

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (15)

विशेष नोट : इसमें 'हाँ/ नहीं' अथवा 'रिक्त स्थानों की पूर्ति' अथवा 'सही/गलत' अथवा 'मिलान कीजिए', 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य में उत्तर दें' किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है :

(v)एक अपठित गद्यांश देकर उसके नीचे पाँच प्रश्न (तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर, एक कठिन शब्द के अर्थ, एक प्रश्न गद्यांश के शीर्षक/ केन्द्रीय भाव से सम्बन्धित) दिए जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5 x1=5

(vI) में निर्धारित विषयों- 'विशेषण निर्माण', 'समरूपी भिन्नार्थक शब्द', 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द', 'विलोम शब्द', 'अनेकार्थी' शब्द और 'वाक्य शुद्धि' में से छह प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 6x1=6

(vII) में 'हिंदी पुस्तक-10' में 'निबन्ध' एवं 'एकांकी' के अभ्यासों में दिए गए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'I'में दिए गए प्रश्नों में से चार प्रश्न (निबन्ध में से 2 तथा एकांकी

में से 2) पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा । 4 x1=4

भाग- (ख) (पाठ्य पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (20)

प्रश्न-2 में 'हिंदी पुस्तक 10' में से 'कहानी', 'निबन्ध' एवं 'एकांकी' के अभ्यासों में दिए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'II' में दिए गए प्रश्नों में से छह प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से चार प्रश्नों के उत्तर लगभग तीन-चार पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 4 x2=8

प्रश्न-3 पाठ्य पुस्तक के ' गद्य भाग ' '(कहानी', 'निबन्ध' एवं 'एकांकी') के निबन्धात्मक प्रश्नों (अभ्यासों में दिए भाग- 'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग 'III' में दिए गए प्रश्न)में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न (प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जाएँगे,जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 3x4=12

भाग- (ग) अनुवाद (पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद) (5)

प्रश्न-4. यह प्रश्न 'अनुवाद' से सम्बन्धित होगा। इस प्रश्न में पंजाबी का एक लगभग 35-40 शब्दों का एक गद्यांश देकर उसका हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। 5

भाग- (घ) विज्ञापन, सूचना और प्रतिवेदन (5)

प्रश्न -5. 'विज्ञापन', 'सूचना' और 'प्रतिवेदन' तीनों में से किन्हीं दो में से प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

(ङ) (रचनात्मक लेखन) (15)

प्रश्न-6. यह प्रश्न 'पत्र लेखन' से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा। 7

प्रश्न-7. यह प्रश्न 'अनुच्छेद-लेखन' से सम्बन्धित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखने के लिए कहा जाएगा। 8

भाग- (च) प्रपत्र -पूर्ति (5)

प्रश्न-8. बैक, डाकखाना, रेलवे से सम्बन्धित प्रपत्रों में से किन्हीं दो के प्रपत्र देकर उनमें से किसी एक प्रपत्र की पूर्ति करने के लिए कहा जाएगा। प्रपत्र की रूपरेखा प्रश्न-पत्र में ही दी जाएगी। 5x1=5

विशेष : प्रश्न पत्र निर्माता बैक, डाकखाना,रेलवे से सम्बन्धित प्रश्न में किसी भी प्रपत्र में पाँच स्थानों की पूर्ति करने के लिए दे। प्रत्येक रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 1 अंक निर्धारित है।

विशेष नोट-पाठ्य पुस्तक (हिंदी पुस्तक-10) के अभ्यासों को निम्नलिखित शीर्षकों से प्रस्तुत किया गया है -

1.विषय बोध 2 भाषा बोध 3.रचनात्मक अभिव्यक्ति 4.पाठ्येतर सक्रियता 5. ज्ञान विस्तार

परीक्षा में केवल विषय बोध व भाषा बोध से सम्बन्धित प्रश्न ही पूछे जाएँगे । रचनात्मक अभिव्यक्ति, पाठ्येतर सक्रियता व ज्ञान विस्तार का उपयोग विद्यार्थी की प्रतिभा निखार हेतु आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत किया जाए।